दिनांक 03.02.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नगर निगम भिलाई से 8 अधिकारी एवं कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले 8 अधिकारीध्कर्मचारियों को स–सम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में आज निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, उपायुक्त डी. के. कोसरिया एवं अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा की उपस्थिति में अधीक्षण अभियंता संजय कुमार शर्मा, दीपक जोशी, समयपालध्कार्य सहायक ग्रेड–2 दामोदर सिंह वर्मा, डाटा एन्ट्री आपरेटर विश्वजीत सेनगुप्ता, पम्प सहायक सुदामा कुमार परगनिहा, चौकीदार रामकुमार शर्मा, सफाई कामगार मंगलराम एवं रेजा जमुना बाई को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

निगम आयुक्त सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के किये गये कार्यो को याद करते हुए शुभकानाएं दिये और शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त पश्चात परिवारिक दायित्व के निर्वहन में अपना समय देने हेतु आग्रह किये। आयुक्त द्वारा कहा गया कि आगामी समय में अधिकारी एवं कर्मचारियों की कमी से निगम का कार्य और कठिन होता जायेगा, इसलिए हमे वरिष्ठों से अनुभव लेते हुए कार्य करना है। मुख्य अभियंता द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना किये। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी संजय कुमार शर्मा, दीपक कुमार जोशी एवं विश्वजीत सेनगुप्ता ने निगम में किये गये अपने अनुभव साझा किये और निगम के कार्य की सराहना करते हुए कहा गया कि निगम में जन्म, जीवन एवं अंतिम छण तक के लिए कार्य किया जाता है, जो कि अन्य विभागों में संभव नहीं है।

बिदाई कार्यक्रम में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना अधीक्षक शालनी घुरऊ, चंदन निर्मल, शंकर सुमन मरकाम, शरद दुबे, रामवृक्ष यादव, पुरूषोत्तम साहू, राजेश पालवे, विदयाधर देवांगन एवं संगठन के पदाधिकारी श्रवण ठाकुर, वामन राव, नवीन साहू, राजसच्चर, हेमंचद बंजारे उपस्थित रहे।